कार्यालय प्रमुख अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
जल भवन बाणगंगा भोपाल

कमांक/12729/स्था.अराज./प्र.अ./लो.स्वा.यां.वि./2023 भोपाल दिनांक 14/9/2023

प्रति,

1. अधीक्षण यंत्री,
   लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
   समस्त मण्डल (म.प्र.)

2. कार्यपालन यंत्री,
   लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
   समस्त खण्ड (सिविल/मैकेनिकल)

विषयः– मण्डल/खण्ड कार्यालयों द्वारा रिक्त पदों की जानकारी सीधे नही दिये जाने के संबंध में ।

संदर्भः– कार्यालयीन पत्र कमांक 7149/स्था.अराज./भोपाल दिनांक 4.5.2023

प्रमुख सचिव महोदय द्वारा दिनांक 02 मई 2023 को समय–सीमा के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान यह परिलक्षित हुआ है की लोक स्वास्थ्य यांत्रकी खण्ड छतरपुर द्वारा कलेक्टर छतरपुर को रिक्त पद की गलत जानकारी दिये जाने के कारण उनके द्वारा दिनांक 20 मार्च 2023 को खण्ड कार्यालय में श्री अनिरूद्व त्रिपाठी को सहायक ग्रेड–3 के पद पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान कर दी गई । वस्तुस्थिति यह है कि ग्वालियर परिक्षेत्र के रोस्टर के अनुसार सहायक ग्रेड–3 के 13 पद अधिक्य हैं । उपरोक्त दृष्टांत के संदर्भ में निम्नानुसार लेख है कि :–

- विभागीय संरचना के अनुसार जिलो में तृतीय/चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की अनुकंपा नियुक्ति के अधिकार परिक्षेत्र कार्यालय को है एवं उनका रोस्टर भी परिक्षेत्र स्तर पर संधारित किया जाता है ।
- कार्यपालन यंत्री/अधीक्षण यंत्री को अपने कार्य क्षेत्र के अंतर्गत अधिकारी/कर्मचारियों के स्वीकृत, भरे एवं रिक्त पदों की स्थिति संधारित की जाती है, किन्तु इन रिक्त पदों पर नियुक्ति के अधिकार केवल मुख्य अभियंता को है । मुख्य अभियंता अपने परिक्षेत्र से संबंधित कार्यालयों मे समग्र रूप से पदों की स्थिति का परीक्षण कर रोस्टर अनुसार विभिन्न श्रेणी में अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करते है ।
- **एतद् द्वारा सभी मण्डल एवं खण्ड कार्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि वे जिला कलेक्टर कार्यालय द्वारा रिक्त पदों की जानकारी मांगें जाने पर परिक्षेत्र स्तर से प्राप्त कर ही संबंधित कलेक्टर को भेजे । सीधे जानकारी देने के कारण उत्पन्न होन वाली अप्रिय स्थिति के लिए संबंधित अधीक्षण यंत्री एवं कार्यपालन यंत्री व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होगें ।**

14/9

प्रमुख अभियंता

पृ.कमांक/12729/स्था.अराज./प्र.अ./लो.स्वा.यां.वि./2023 भोपाल दिनांक 14/9/2023

प्रतिलिपिः–

1. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मंत्रालय भोपाल की ओर सूचनार्थ ।
2. मुख्य अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग परिक्षेत्र भोपाल/इन्दौर/जबलपुर/ग्वालियर/वि./यां. भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं तदनुसार कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

14/9

प्रमुख अभियंता